आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 19.07.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- दिसंबर 2023 में देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन की सफलता को रेखांकित करने के लिये रुद्रपुर में आज ''उत्तराखंड निवेश सम्मेलन'' आयोजित होगा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे शामिल।
- कांवड यात्रा अपने चरम पर, हरिद्वार से अब तक दो करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों को रवाना हुए।
- राज्य में नकली, अधोमानक और नशीली दवाओं के खिलाफ 'ऑपरेशन क्लीन' जारी, स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा— गुणवत्ता से समझौता करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- नैनीताल, उधमसिंह नगर और चम्पावत जिलों में कल अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट।

उत्तराखंड निवेश उत्सव

प्रदेश में औद्योगिक निवेश अब धरातल पर उतरता नजर आ रहा है। दिसंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद जिन निवेश समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए थे, उनमें से एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश अब धरातल पर उतर चुका है। इसी उपलब्धि को रेखांकित करने और भविष्य की संभावनाओं को विस्तार देने के लिए आज ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में ''उत्तराखंड निवेश उत्सव'' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे, जबकि अध्यक्षता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। कार्यक्रम रुद्रपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित नए उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ कई गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान उद्योग समूहों और व्यापारिक संस्थाओं से सुझाव लेकर राज्य सरकार ने 25 से अधिक नई नीतियां बनाई और कई नियमों को सरल किया, जिससे बड़े—बड़े निवेशकों ने राज्य में निवेश के लिए करार किए।

गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में हुए इस सम्मेलन के दौरान कुल एक हजार सात सौ उनासी एमओयू साइन किए गए थे, जिनकी अनुमानित लागत साढे तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक थी। इनमें से एक लाख करोड़ रुपए की ग्राउंडिंग अब तक हो चुकी है।

## कांवड़ मेला

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा चरम पर है। ग्यारह जुलाई से शुरू हुई इस यात्रा में अब तक दो करोड़ से अधिक कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया है।

डाक कावंडियों के पहुंचने से शहर पूरी तरह भगवामय हो गया है और बम बम बोले और जय शिव शंकर के जयघोषों के साथ पूरे क्षेत्र में उत्सव और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

कांवड़ मेले के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक, शहरी पंकज गैराला ने बताया कि कल शाम तक कुल 2 करोड़ 90 हजार कांवड़िए गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन के अनुसार, सिर्फ कल के ही दिन में 44 लाख शिवभक्त गंगाजल लेकर रवाना हुए।

## ऑपरेशन क्लीन

उत्तराखंड में नकली, अधोमानक और नशीली दवाओं के खिलाफ 'ऑपरेशन क्लीन' शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्यभर में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश को नशामुक्त बनाना और जनता को सुरक्षित व प्रमाणिक औषधियाँ उपलब्ध कराना है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि नकली और मादक औषधियों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर नजर रखते हुए, दवा निर्माता कंपनियों से लेकर फुटकर विक्रेताओं तक की जांच की जा रही है और गुणवत्ता से समझौता करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभियान की निगरानी के लिए सहायक, औषधि नियंत्रक, हेमंत सिंह नेगी, के नेतृत्व में आठ सदस्यीय त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन किया गया है, जो प्रदेशभर में छापेमारी कर आवश्यक कार्रवाई करेगा। प्रदेश को दो श्रेणियों में बांटकर सभी जिलों में साप्ताहिक निरीक्षण और सैंपलिंग की व्यवस्था की गई है। भारत—नेपाल सीमा के धारचूला, झूलाघाट, टनकपुर, बनबसा और खटीमा जैसे प्रवेश द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही जिलों से प्राप्त संदिग्ध दवाओं के नमूनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जा रही है।

दूसरी ओर, नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान भी शुरू किया गया है, जिसमें स्कूलों में शिक्षा, मेडिकल स्टोर्स पर औषधि वैधता जांच, रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया और पोस्टर के माध्यम से प्रचार—प्रसार किया जा रहा है।

नकली दवाओं में गिरफ्तारी

इस बीच, उत्तराखंड एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देहरादून में एक निजी लैब के मालिक की गिरफ्तारी की है। यह लैब अन्य कंपनियों से नकली दवाइयां बनवाती थी और इसने करीब 1 करोड़ 42 लाख टैबलेट्स और 2 लाख नकली कैप्सूल्स बनाकर राजस्थान भेजे। उत्तराखंड एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने बताया कि इस मामले में पहले भी तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और अब मुख्य आरोपी को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिल रहा है। राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज आंशिक तौर पर बादल छाए हैं, जबकि कहीं—कहीं पर हल्की बूंदाबांदी की ख़बर है। इस बीच, प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अनुसार कल नैनीताल, उधमसिंह नगर और चम्पावत जिलों में कहीं—कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, 21 जुलाई को देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी बारिश की संभावना है। भारी बारिश की संभावना के मद्देनज़र आम जनता को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

खेल विकास

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार खेलों को देश के हर गांव तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री शाह ने नई दिल्ली में 21वें विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में भारतीय दल को सम्मानित करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों का चयन कर उन्हें वैज्ञानिक तरीके से हर खेल में प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में खेलों को बहुत महत्व दिया गया है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रूद्रपुर आने की खबर को सभी समाचार पत्रो ने प्रमुखता दी हैं। दैनिक जागरण लिखता है— शाह संग उत्तराखंड आज मनाएगा निवेश उत्सव, जबकि नवोदय टाइम्स की खबर है — राज्य में एक लाख करोड रूपये के निवेश की ग्राउंडिग का आज उत्सव मना रही सरकार।

ग्राम्य विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक पर ग्रम्य विकास मंत्री गणेश जोशी के हवाले से राष्ट्रीय सहारा लिखता हैं — हाउस आफ हिमालयास उत्पादों के ब्रांडिंग पर दें जोर।